# उन्नत भारत अभियान
# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

## विश्वविद्यालय के बी. एड. छात्रों द्वारा गोद ग्रामों के स्कूलों में अध्यापन कार्य

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के दस छात्रों द्वारा शासकीय हाई स्कूल पुडू एवं  उमरिया दादर, तथा मिडिल स्कूल पुडू, रिगवार एवं उमरिया दादर में ६० दिवसीय प्रशिक्षण कार्य गावों में ही रहकर सम्प्पन कराया गया I उक्त के तहत बी. एड. कोर्स के छात्र इन स्कूलों जनवरी से मार्च २०१७ में पठन पाठन का कार्य किये I





**उन्नत भारत अभियान**
**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़**

## वित्तीय  साक्षरता शिविर का आयोजन

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के द्वारा भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर कोटा विकास खंड के दस आदिवासी बाहुल्य ग्रामों को गोद लिया गया है I उन्नत भारत अभियान योजना के तहत विश्वविद्यालय इन गावों के उत्थान के लिए अनेकानेक कार्य संचालित कर रहा है I इसी के तहत गोद ग्राम पचरा ग्राम पंचायत उमरिया दादर में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन दिनांक १७ जून २०१६ में किया गया I जिसका उद्घाटन माननीय कुलपति महोदय जी ने किया I उक्त शिविर में जिले के लीड बैंक मैनेजर, मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोटा विकास खंड के अलावा रतनपुर एवं चपोरा बैंकों के शाखा प्रबंधकों ने ग्रामीणों को भी संबोधित कर बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड से खाता को जोड़ने, प्रधान मंत्री मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादी के लाभ के बारे में अवगत कराया I उक्त शिविर में गोद ग्रामों के १० लाभार्थियों को होटल, सायकल स्टोर, दुकान इत्यादी खोलने के लिए प्रधान मंत्री मुद्रा लोन वितरित किया गया I






# उन्नत भारत अभियान
# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

## <u>जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन</u>

उन्नत भारत अभियान सेल के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम पुडू दिनांक ४ नवंबर २०१६ स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर के सयुक्त तत्वाधान में किया गया I माननीय कुलपति, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, जिलाधिकारी, बिलासपुर, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के अलावा विभिन्न विशेषज्ञ डाक्टरों ने भाग लेकर ग्रामीणों को जागरूक एवं स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति प्रोत्साहित किया I इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंद बुजुर्गो को चलने की छड़ी एवं मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी निशुल्क वितरित किया गया I प्रशिक्षण में लगभग ७०० महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों ने भाग लेकर लाभ लिया I





## स्वच्छता के प्रयास से ही पूरा होगा स्वस्थ गांव का सपना

बिलासपुर| कलेक्टर अन्बलगन पी. ने कहा है कि स्वस्थ गांव का सपना स्वच्छता के प्रयास से ही पूर्ण हो सकता है। सभी लोगों को अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। कलेक्टर ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा कोटा के ग्राम पुडू में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि पेयजल, धान खरीदी केंद्र, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा संवर्धन को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी और स्वास्थ्य परिवार व कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को ग्राम पुडू, कोटा में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रो. गुप्ता ने भारत अभियान समूह के प्रयासों की सराहना की और कहा कि भविष्य में कैशलेस प्रणाली के संबंध में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर लगे स्वास्थ्य विभाग के 8 स्टालों में ग्रामीणों ने विभिन्न बीमारियों की जांच कराई। शिविर में उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग के 11 चिकित्सक उपस्थित रहे। एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीबी बोर्डे व उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. केके चंद्रा ने सरकार की योजना व कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

## उन्नत भारत अभियान
## गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

### <u>ग्रामीण स्वछता मिशन एवं स्वास्थ्य के लिए जागरूकता अभियान</u>

अपने गोद ग्राम पंचायतो को खुले में शौच मुक्त ग्राम बनाने के लिये उन्नत भारत अभियान टीम के सदस्यों ने विशेष प्रयासकर, प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण के अंतर्गत लोगों को घरों में टायलेट बनाने हेतु विशेषकर महिलाओं एवं स्कूली बच्चों को प्रेरित किया। इसके साथ ही सरपंच एवं पंचायत सचिव के साथ मिलकर उन्नत भारत अभियान टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों के घरों में निर्माणाधीन टायलेट का निरिक्षण कर लोगों को जागरूक किया। जिसके फलस्वरूप हमारा ग्राम पंचायत खुले में सौच मुक्त हो सका।









# उन्नत भारत अभियान
# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगो जागरूक कर वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करना

विश्वविद्यालय के द्वारा सभी ग्राम पंचायतो को गोद लेने के बाद से ही लोगों को पर्यावरण सुधार एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया है। इसी के तहत प्रतिवर्ष सभी गोद ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण कराया गया जिसके तहत जुलाई से सितम्बर माह में कटहल, नीबू, अमरुद, आम, खम्हार इत्यादी के पौधे  निशुल्क वितरित किया गया। उन्नत भारत अभियान के अनुरोध पर वन विभाग बिलासपुर के द्वारा भी २०००० निलगिरी के पौधे ७२ चयनित कृषकों कृषिवानिकी योजनान्तर्गत वितरित किया गया।









# उन्नत भारत अभियान

## गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

## <u>कृषि उत्पादकता हेतु आर्गेनिक खेती को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन</u>

गोद गांवो में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने एवं कार्बनिक खेती के लिए प्रोत्साहन के लिए पचरा गाँव में ०२ कृषकों के धान फसल पर ट्रैकोडर्मा जैव कल्चर का प्रयोग कराया गया था जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा एवं अन्य कृषकों को परिणाम की जानकारी दी गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत रिगवार में एक ओर्गानिक कृषि प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विभाग के सहयोग से किया गया जिसमे सभी ग्राम पंचायतों के चयनित कृषक सम्मिलित हुये।










## उन्नत भारत अभियान

## गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

## <u>ग्रामीण स्कूल के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण आयोजित</u>

उन्नत भारत अभियान गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के द्वारा शासकीय हाई स्कूल उमरिया दादर एवं शासकीय हाई स्कूल पुडू में दसवी कक्षा के छात्र छात्राओं के लिए दास दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक २२ सितम्बर २०१७ से २ अक्टूबर  किया गया।




